राजस्व वाद संख्या 5 / 2024
GCMS NO. 2024 / 6
कमल वगै0 बनाम किशोरीलाल वगै0
आदेश दिनांक 27.08.2025

(आदेश 20 के नियम 6 व 7 जाब्दा दीवानी)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मुकाम बईजलास मलसीसर जिला झुंझुनूं (राज0)

पीठासीन अधिकारी : पंकज शर्मा
(आर.ए.एस.)

दावा बाबत खाता विभाजन

अन्तिम वाद डिक्री

राजस्व वाद संख्या :— 5 / 2024 (कमल वगै0 बनाम किशोरीलाल वगैरह)

यह मुकदमा आज वास्ते इफिसला कतई रूबरू, पंकज शर्मा, उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर बहाजिरी वकील वादीगण मिनजानिब मुद्दई रूबरू वकील प्रतिवादीगण मनजानिब मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व अन्तिम डिक्री दी जाती है कि

मुकदमा में न्यायालय हाजा के निर्णय दिनांक 09.04.2025 को प्राथमिक डिक्री जारी की जाकर तहसीलदार बिसाऊ को आदेश दिया गया था कि राजस्व रिकार्ड में दर्ज हिस्सा का मुताबिक कब्जा काश्त रास्ते का युक्तियुक्त प्रावधान रखते हुये विधिवत् विभाजन तैयार किया जाकर विभाजन प्रस्ताव इस न्यायालय में प्रस्तुत करे।

तहसीलदार बिसाऊ के आदेश क्रमांक भू0अ0 / 2025 / 596 दिनांक 07.08.2025 के द्वारा विभाजन प्रस्ताव इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। न्यायालय के निर्णय दिनांक 27.08.2025 निर्णयवाद मुताबिक विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर ग्राम नांद की सरहद में स्थित भूमि खसरा नम्बर 324 रकबा 3.57 है0 भूमिका निम्न प्रकार खाता विभाजन का आदेश दिया जाता है विभाजन प्रस्ताव निर्णय का भाग रहेगा :—

क्र॰सं	नाम खातेदार	खसरा नम्बर	रकबा (है0 में)	भूमि किस्म
1	कमल हरलाल जांगिड़ पुत्र हरलाल जांगिड़ हि. 1/2 पंकज करनीराम मोहनीश करणीराम जांगिड़ पुत्र करणीराम हि0 1/2 जाति खाती सा. नांद का बास खातेदार	324मी	0.7373	बा.1
2	किशोरीलाल बनवारीलाल सुरेश कुमार पिता नोरंगराम हि0 पूर्ण जाति ब्राहमण सा. देह खातेदार	324मी	2.7727	बा.1
3	कमल हरलाल जांगिड़ पुत्र हरलाल जांगिड़ हि. 25/238 पंकज करनीराम मोहनीश करणीराम जांगिड़ पुत्र करणीराम हि0 25/238 जाति खाती सा. नांद का बास खातेदार किशोरीलाल बनवारीलाल सुरेश कुमार पिता नोरंगराम हि0 94/119 जाति ब्राहमण सा. देह खातेदार	324मी	0.06	गै0मु0रास्ता

मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज तारीख 27.08.2025 को जारी की गई।

(पंकज शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,
मलसीसर